प्रभात झा को भाजपा कार्यालय में भावपूर्ण श्रद्धांजलि

भोपाल (काप्र)।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद स्व. प्रभात झा के देवलोकगमन पर आज मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित शोकसभा में भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। शोकसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने कहा कि स्व. प्रभात झा को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनकी तरह सच्चे कार्यकर्ताओं का निर्माण और संगठन तैयार किए जाएं।

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि एक श्रेष्ठ विचारक, कुशल संगठन हमारे बीच नहीं रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्व. झा कुशल संगठक थे, घर जाकर मंडल के कार्यकर्ताओं से मिलते थे, यह संगठन निर्माण की अद्भुत कौशल शक्ति थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि एक कुशल संगठक कैसा होना चाहिए, प्रभात जी से सीखा जा सकता है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि स्व. झा ने देश, समाज और विचार के लिए अपना जीवन जिया है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि स्व. झा ने लोकसभा चुनाव में मुझे अभिभावक की तरह मध्यप्रदेश के संबंध में बताया था। प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने कहा कि कार्यकर्ताओं को कैसे कार्य करना चाहिए, स्व. झा के जीवन से सीखना चाहिए। मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि कभी कल्पना नहीं कि थी प्रभात जी इतनी जल्दी हम सबको छोडकर चले जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा स्व. प्रभात के जो दिल में होता था, वही उनके स्वर में होता था।

प्रभात मध्यकालीन अस्त हुए : राजेन्द्र शर्मा

स्वदेश समाचार पत्र समूह भोपाल के प्रधान संपादक राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि स्व. प्रभात जी ने पत्रकारिता स्वदेष ग्वालियर से प्रारंभ की और आज यह कहते हुए प्रसन्नता है की प्रभात जी ऐसा उनका नाम था उसी तरह एक प्रभात की तरह वे निरंतर उदित होते ही गए। वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, राज्यसभा के सांसद, पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष बने, लेकिन पत्रकार उनके मूल में था। इसलिए दिल्ली जाकर के भी भारतीय जनता पार्टी की पत्रिका कमल संदेश संपादक रहे। प्रदेश अध्यक्ष बने तब प्रदेश में सर्वाधिक प्रवास करने वाले अध्यक्ष थे। आज हमारे बीच से प्रतिभा के धनी राजनेता, पत्रकार और कार्यकर्ता की कमी हमेशा खलेगी। भाजपा में जितने भी व्यक्ति मीडिया के क्षेत्र में कार्य किए हैं, उनमें स्व. झा सर्वोत्कृष्ट थे। ईश्वर की विचित्र लीला है, कि प्रभात अस्त हो गया। प्रभात मध्यकालीन अस्त हुए। अभी उनके जाने की उम्र नहीं थी। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के संरक्षक व वरिष्ठ नेता रघु ठाकुर ने कहा कि स्व. प्रभात जीवंत पत्रकार, नेता व सच्चे कार्यकर्ता थे।

अभिव्यक्ति का कोई दोहरा अर्थ नहीं निकलता था : नायक

मध्यप्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि स्वर्गीय प्रभात जी के वक्तव्य में उनकी अभिव्यक्ति में किसी भी बात में कोई दोहरा अर्थ नही निकल सकता है। प्रभात जी ने पत्रकारिता से जीवन शुरू कर संघर्ष के प्रतिमूर्ति बन जाना और प्रतिमान खड़े करना तीनों बातों का अद्भुत समायोजन किया था। मृत्यु के बाद यही लोगों का विचार बन जाता है। मैं मध्यप्रदेश कांग्रेस पार्टी की ओर से उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनकी अनंत स्मृतियां अपने मन में संजोकर रखा है। वह ऐसे राजनेता थे, जिनके प्रति मेरा आदर हमेशा बना रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार को राजधानी में केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने समत्व भवन में सौजन्य भेंट की।

इंदौर के अमित चौरसिया प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता मनोनीत

भोपाल (काप्र)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा इंदौर के अमित चौरसिया को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने बताया कि श्री चौरसिया पूर्व में भी उक्त जिम्मेदारी को निभा रहे थे। उक्त आशय का पत्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने द्वारा आज जारी किया गया है।

SS COLLEGE OF EDUCATION BILKISGANJ, SEHORE

(Recognised with NCTE New Delhi & Affiliated To B.S.E. Bhopal, Chainpura Road Bilkisganj, Distt. sehore
07562-403254 Email: sscollege1071@gmail.com
APPOINTMENT : Teaching Post

	Sub	No Of vacancies	Essential qualification
D.El.ED.	Perspective In Education	02	qualification as NCTE /UGC/State Govt. norms
	Pedagogy Of Science	01	
	Pedagogy Of Humanities & Social Science	01	
	Pedagogy of Mathematics	01	
	Language	01	
	Fine Arts/ Performing Arts	01	
	Health & Physical Education	01	

Qualification for all above post, salary strictly as N.C.T.E. and UGC norms under college to apply Mail your C.V. to sscollege1071@gmail.com within 05 days or post on following address to secretary,abhilasha sanskratik evam shaikshanik society, chaipura road, bilkisganj,distt. Sehore Pin - 462101

1433

प्रोफेसर मजीद ने दुनिया से कहा अलविदा

भोपाल। राजधानी के अरबी भाषा विशेषज्ञ और प्रोफेसर अब्दुल मजीद साहब का इंतकाल बीमारी व वृद्धावस्था के चलते 93 वर्ष की उम्र में मंगलवार रात 9:00 बजे अंतिम सांस ली। अब्दुल मजीद का जन्म 20 जुलाई 1931 को हुआ था। प्रोफेसर मजीद साहब कई वर्षों तक अरेबिक साहित्य से जुड़े रहे और एलबीएस महाविद्यालय में उन्होंने प्रोफेसर पद पर रहते हुए निष्पक्ष तौर पर अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने अरबी भाषा के उन्नयन और उसका विस्तार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने अपने सादे जीवनकाल में हमेशा सहृदयता और मिलनसार का परिचय दिया। प्रोफेसर मजीद साहब के जनाजे की नमाज आज सुबह 10:30 बजे हमीदिया रोड अशोका होटल के पीछे शेड में अदा की जाएगी, तदोपरांत उन्हें सुपर्द ए खाक किया जावेगा।

ज्ञानगंगा स्कूल में छात्रा के साथ दुष्कर्म मामले में आज पेश होगा चालान

भोपाल (काप्र)।

राजधानी के प्रतिष्ठित ज्ञान गंगा स्कूल में विगत दिवस आरोपी मिनीराज मोदी और उप निरीक्षक प्रकाश राजपूत प्रारंभिक जांच में दोषी पाए गए थे। जिनके विरूद्ध न्यायालय में चालान कल चालान प्रस्तुत होगा।

दोषियों के केस डायरी और गवाहों के बयानों के आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा दोषियों को दंडित किए जाने की कार्यवाही की जा सकेगी। गौरतलब है कि इस मामले में इस मामले में तीन महीने से ज़्यादा समय होने पर भी पुलिस ने चालाना व केस डायरी पेश नहीं की थी जिसके कारण माननीय न्यायालय द्वारा पीड़ित परिजनों को न्याय देने में विलंब हुआ। फरियादी की ओर से अधिवक्ता यावर ख़ान ने विशेष न्यायाधीश के याचिका प्रस्तुत कर कहा था कि पास्को एक्ट में दो महीने में अनुसंधान पूरा करने का प्रावधान है। जबकि पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसा नहीं किया गया जो कि माननीय न्यायालय की अवमानना की श्रेणी में आता है।

तब न्यायालय ने पुलिस थाने को आदेशित किया था कि इस मामले में यथाशीघ्र कार्रवाई की जाए। इस आदेश के बाद पुलिस कल इन लोगों के विरुद्ध अभियोग पत्र विशेष न्यायालय पॉस्को कोर्ट में प्रस्तुत करेंगी।

कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल
वीर सावरकर जोन क्र. 04 (मंगलवारा)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भोपाल जोन क्र. 04 के वार्ड क्र. 17 में स्थित इब्राहिमगंज मैन रोड भवन क्र. 04 संपत्तिकर का निर्धारण एवं नामांतरण किए जाने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन किया जाना है, जिनके नामों का विवरण निम्नानुसार है-

क्र.	जोन क्र	वार्ड क्र	भवन स्वामी का नाम	स्थान एवं भूखण्ड	आकार	नामांतरण हेतु प्रस्तुत आवेदक का नाम	नामांतरण का आधार
1	4	17	श्री रोशनलाल आहूजा आत्मज श्री रामचन्द्र आहूजा	भवन क्र. 04 मैन रोड इब्राहिमगंज	600 वर्गफुट	श्रीमती सीता आहूजा पत्नी स्व. श्री अनिल आहूजा	आवेदन पत्र, शपथ पत्र, फरोख्त नामा, वसीयतनामा एवं मुख्य विधि सलाहकार अभिमत

उपरोक्त भवन के संपत्तिकर निर्धारण एवं नामातरण पर किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना पत्र के 15 दिवस के भीतर जोन कार्यावय क्र. 04 वार्ड क्रमांक 17 के कार्यालय में शपथ पत्र मय साक्ष्य के प्रस्तुत करें। नियत समयावधि में यदि कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं होती है तो यह माना जावेगा किसी को कोई आपत्ति नहीं है और प्रकरण में विधिवत संपत्तिकर निर्धारत एवं नामांतरण हेतु कार्यवाही कर दी जावेगी।

सू.क्र. 276/024/025

जोनल अधिकारी,
जोन क्र. 04, नगर निगम भोपाल

पेज एक से जारी खबरों के शेष...

अमेरिका ने रद्द...

लिया गया। राष्ट्रपति के बयान में कहा गया, बैठक में छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किए गए सभी लोगों को रिहा करने का भी फैसला किया गया है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री 78 वर्षीय जिया खराब स्वास्थ्य के कारण अस्पताल में भर्ती हैं। 2018 में, उन्हें भ्रष्टाचार का दोषी पाया गया और 17 साल की जेल की सजा दी गई। अल जज़ीरा के अनुसार, उनके और हसीना के बीच लंबे समय से झगड़ा चल रहा था और उन पर एक अनाथालय के ट्रस्ट के लिए दान में चोरी करके अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था।

एशिया का सबसे...

चुका है। बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शन में मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 440 हो गई। स्थानीय मीडिया में आई खबरों के मुताबिक शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से सोमवार को इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद हुई हिंसा की घटनाओं में 100 से ज्यादा की मौत हुई है। हिंसा प्रभावित देश में सेना स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी हुई है। मृतकों की संख्या बढ़ने के बावजूद मंगलवार को स्थिति सामान्य होने के संकेत मिले तथा पुलिस और सेना सड़कों पर गश्त कर रही है। सोमवार को अशांति और रातभर के तनावपूर्ण हालात के बाद ढाका में मंगलवार सुबह स्थिति मुख्य रूप से शांत रही।

स्थिति पर भारत...

हैं। हमारी अपेक्षा है कि मेजबान सरकार इन प्रतिष्ठानों के लिए आवश्यक सुरक्षा संरक्षण प्रदान करेगी। स्थिति स्थिर होने पर हम उनके सामान्य कामकाज की आशा करते हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर भी निगाह रखे हुए है। वहां से ऐसी रिपोर्ट आ रही हैं कि कई समूह और संगठन अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और सलामती के लिए कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, स्वभाविक है कि जब तक वहां कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य नहीं हो जाती हमारी गहरी चिंता बनी रहेगी। विदेश मंत्री ने बताया कि सीमाओं पर तैनात सुरक्षा बलों को बांग्लादेश की जटिल स्थिति को देखते हुए असाधारण रूप से चौकस रहने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि भारत पिछले 24 घंटों से ढाका में अधिकारियों के साथ संपर्क बनाये हुए है। बांग्लादेश के घटनाक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पांच अगस्त को ढाका में कर्फ्यू लागू होने के बावजूद प्रदर्शनकारी बड़ी संख्या में सड़कों पर जमा हो गये थे। हम समझते हैं कि वहां के सुरक्षा प्रतिष्ठान (सेना) के साथ एक बैठक के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा देने का निर्णय किया और थोड़े समय के नोटिस पर उन्होंने कुछ समय के लिए भारत आने की अनुमति का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि साथ ही हमें बांग्लादेश के अधिकारियों से हवाई उडान की अनुमति का भी अनुरोध मिला और वह (सुश्री हसीना) सोमवार शाम दिल्ली आ गयी।

उत्तराखंड से लेकर...

में 115.6 से लेकर 204.4 मिलीमीटर तक बारिश हो सकती है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बारिश ने लोगों को परेशान कर दिया है। रुक-रुककर हो बारिश के कारण जलभराव की समस्या खत्म नहीं हो रही है। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में 8 अगस्त तेज बारिश होगी। ऐसे में लोगों को चेतावनी दी है कि घर से जरूरी काम पड़ने पर ही निकलें। एमपी में तेज बारिश के चलते कई दिनों से सूर्य के दर्शन नहीं हो पाए थे। अब मानसून के कमजोर पड़ने से सूर्य के निकलने की संभावना है। मौसम विभाग ने यह संभावना जताई है कि मानसून के कमजोर होने के बाद भी बारिश होती रहेगी।

विपक्ष ने संसद...

पहले से ही मोदी सरकार की टैक्स वसूली नीतियों के बोझ तले जूझ रहा है। 2024 में भारत का चिकित्सा महँगाई दर एशिया में सबसे अधिक 14 प्रतिशत पर है। ऊपर से जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पर ये गब्बर सिंह टैक्स अमानवीय है और भाजपा की आपदा में अवसर से लूट की नीति का एक और निंदनीय उदाहरण है।

8 अगस्त से...

सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) जहां पूरी ताकत के साथ जम्मू-कश्मीर में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है, वहीं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अभी भी सशंकित है। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले राजनीतिक गतिविधियों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। बीजेपी ने जम्मू में एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है और पार्टी को चुनाव की तैयारी शुरू करने का आदेश जारी किया है। नेताओं को पहुंच बढ़ाने और 15 अगस्त तक पूरी प्रक्रिया पूरी करने के लिए जिला स्तर पर टीमें बनाने के लिए कहा गया है। यह भाजपा के लक्ष्यों का रोडमैप निर्धारित करेगा, जो पार्टी के सबका साथ, सबका विकास के मिशन को पूरा करेगा। पिछले दिसंबर में उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को 30 सितंबर तक जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया था। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव जल्द कराए जाने के नये संकेत देते हुए निर्वाचन आयोग ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन से कहा कि वह अपने गृह जिलों में तैनात अधिकारियों का तबादला कर दे।

नाले में बहा युवक, एक किमी दूर मिला शव

भोपाल (काप्र)। भोपाल के वार्ड-85 स्थित कटारा से गुजरे एक नाले में एक युवक बह गया। सोमवार रात वह दो साथियों के साथ नाला पार कर रहा था। उसके दोनों साथी तो निकल गए, लेकिन वह बह गया। मंगलवार सुबह फिर से तलाश शुरू की गई। वह जहां बहा था, वहां से करीब 1 किलोमीटर दूर युवक का शव झाडियों में फंसा मिला है।

पार्षद प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह राजपूत ने बताया, युवक को उसके साथियों ने नाला पार करने के लिए मना भी किया था, लेकिन वह नहीं माना। युवक डिंडौरी का निवासी बताया जा रहा है। भोपाल में मजदूरी करता था। रात में उसकी तलाश की गई थी, लेकिन वह नहीं मिला। मंगलवार सुबह फिर से रेस्क्यू शुरू किया गया। करीब एक किलोमीटर दूर उसका शव झाडियों में फंसा मिला। पुलिस के अनुसार, शव रामभजन पिता बुधदास बघेल उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बासु देवरी शाहपुर डिंडौरी है। वर्तमान में वह वेलेंसिया कॉलोनी बाग सेवानिया में रहता था। वह अपने दो साथियों के साथ सोमवार शाम को कटारा में मजदूर करने आए थे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी जन्मतिथि जो त्रुटिवश दिनांक 31.07.1995 लेखबद्ध की गई थी, के स्थान पर मेरी वास्तविक जन्मतिथि दिनांक 31.07.1998 करा लिया है, अतः भविष्य में मेरी वास्तविक जन्मतिथि दिनांक 31.07.1998 दस्तावेजों में लिखी व पढ़ी जावे।

पुरानी जन्म दिनांक : 31.07.1995
नयी जन्म दिनांक : 31.07.1998

अन्नपूर्णा विश्वकर्मा
पुत्री श्री राजभान विश्वकर्मा आयु 26 वर्ष
निवासी-सिद्धार्थ नगर, शिवकॉलोनी सतना तहसील रघु. जिला सतना म.प्र.

1429

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि (1) मोहम्मद हमीद आत्मज स्व: मोहम्मद खलील, (2) महनाज पत्नि स्व. मोहम्मद फरीद (3) मोहम्मद अतीक आत्मज स्व: मोहम्मद खलील, (4) मोहम्मद अजीम आत्मज स्व. मोहम्मद खलील, (5) मोहम्मद अजीज आत्मज खलील, निवासीगण मकान 18 गली न. 2, नूर महल रोड इमामीगेट भोपाल म.प्र. (6) मोहम्मद सलीम आत्मज स्व. मोहम्मद खलील, निवासी-म.न. 03 ग.न. 02, नियर शासकीय गर्ल्स स्कूल के पास जहांगीराबाद भोपाल म.प्र. (7) श्रीमति अमीना बेगम पत्नि आरिफ उल्ला खान, (8) श्रीमती सीमा बेगम पत्नि मोहम्मद मेहफूज दोनो निवासी-म.न. 72/बी, पुतलीघर कालोनी नियर मस्जिद फखरूद्दीन अली अहमद शाहजहांनाबाद भोपाल। (9) श्रीमती सगीरा पत्नि अब्दुल हामिद निवासी-म.न.16, ग.न. 02, शाहजहांनाबाद, भोपाल। उपरोक्त के स्वामित्व एवं आधिपत्य का दो मंजिला एक किता मकान न. 40, स्थित नूरमहल रोड (मुख्य मार्ग पर) तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल, नगर निगम सीमा में स्थित है। जिसकी चतुर्थ सीमाएं इस प्रकार है- दिशा पूरब में नूरमहल रोड, दिशा पश्चिम में मकान नूर भाई का, दिशा उत्तर में-मकान जमील भाई का, दिशा दक्षिण में- आबचक उसके बाद अन्य की संपत्ति उक्त मकान का कुल क्षेत्रफल 1480.00 वर्गफिट अर्थात 137.54 वर्गमीटर है। उक्त भवन को मेरे पक्षकार मोहम्मद फराज आत्मज श्री मोहम्मद इल्यास निवासी 19, अस्मत मंजिल फायर बिग्रेड के पीछे फतेहगढ़ भोपाल क्रय करने जा रहे है इस बाबत् किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय, आशासकीय, अर्द्धशासकीय, कार्यालय इत्यादि को कोई देय हो या स्वत्व, स्वामित्व या अधिपत्य का दावा हो तो वह व्यक्ति इस सूचना प्रकाशन के 8 दिवस अंदर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दस्तावेजी प्रमाण पत्र सहित आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा मेरा पक्षकार विक्रय पत्र के पंजीयन हेतु स्वतंत्र होगा। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और न ही मान्य समझी जावेगी।

चन्द्रशेखर यादव अधिवक्ता
कार्या-31, नूर महल रोड इमामी गेट भोपाल, मो. 9893708110

1432

In The Court Of District and Session Judge, District Court, Bhopal
Presiding Officer: **अमिताभ मिश्रा**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCA/0000060/2024)
हुजेफा मोहम्मद.....वादी **VS**
नगर निगम भोपाल ..... प्रतिवादी

Process ID/2024 पेशी दि. 9/9/2024
प्रेषिती-1. सर्वसाधारण पता: सर्वसाधारण। यह कि प्रार्थी हुजेफा मोहम्मद ने आपके विरूद्ध अपील अंतर्गत धारा ... के लिए अपील संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अपील का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस अपील में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। अपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो अपील की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें। यह आज तारीख 31 Jul 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। **कृपया ध्यान दे:** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।

अमिताभ मिश्रा, न्यायाधीश प्रधान जिला न्यायाधीश भोपाल (म.प्र.)

1430

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जागेश्वर दयाल सक्सेना पिता श्री विशंभर दयाल सक्सेना के स्वामित्व एवं आधिपत्य की सम्पत्ति प्लाट नंबर 87, (का भाग) क्षेत्रफल 517 वर्गफीट जो कि खसरा नंबर 102/2, 103, 104, 105, 109, 116 / 2, 117, 118, जो कि शिव गृह निर्माण सहकारी समिति सीटीओ बैरागढ, जो कि नगर निगम के वार्ड नंबर 02, तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है, तथा विक्रय पत्र क्रमांक बुक नंबर ए1, वोल्यूम नंबर-1479, दस्तावेज क्रमांक1138 दिनांक 15.4.1973 को शिव गृह निर्माण सहकारी समिति सीटीओ बैरागढ से क्रय किया गया था। जागेश्वर दयाल सक्सेना कि दिनांक 24.6.1984 को मृत्यु हो जाने के पश्चात उनके विधिक वारिसान में पुत्र गिरीश सक्सेना पिता श्री जागेश्वर दयाल सक्सेना द्वारा उक्त संपत्ति को अपने स्वयं के नाम करा लिया गया था उसके पश्चात गिरीश सक्सेना द्वारा उक्त संपत्ति को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से दिनांक 31.07.2024 को श्री अजय कुमार पिता श्री श्याम सुंदर राम को विक्रय कर दिया गया है। जिसका जलयिन क्रमांक MP059692024A1976006 है। जो कि सब रजिस्ट्रार कार्यालय भोपाल में पंजीकृत है। श्री अजय कुमार पिता श्री श्याम सुंदर राम के द्वारा उक्त संपत्ति को IDFC FIRST BANK LIMITED शाखा सीहोर के हित में बंधक विलेख निष्पादित कर बैंक के समक्ष बंधक रखा जाकर ऋण प्राप्त किया जा रहा है उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, पारिवारिक रिश्तेदार, वितीय संस्थान, आम जनता के पास ओरिजनल बैनामा हो या कोई आपत्ति हो या संपत्ति में हित हो या संपत्ति कही बंधक हो तो कृपया सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर बैक IDFC FIRST BANK LIMITED शाखा सीहोर व निम्न पता 07, जय महांकाल कॉलोनी बैरागढ कलां भोपाल म.प्र. 462030 पर सूचित करने की कृपा करें 07 दिवस के उपरांत कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

RAKESH SINGH BHADOURIYA
ADVOCATE
Address - 07 Jai Mahakal Colony, Bairagarh Kalan, Bhopal 462030
Mobile No.- 9806118250, 9301543927

1431

कार्यालय राजस्व निरीक्षक, बैरागढ़ चीचली वृत्त-तहसील कोलार, जिला भोपाल दिनांक 05.08.2024
सूचना पत्र

प्रति, 1. श्रीमती ओमवती पत्नी श्री मदनलाल मीना नि. भोपाल, 2. श्री दीपक राय आ. दिनेश राय नि. एन. 189 राजहर्ष कालोनी कोलार रोड भोपाल, 3. श्री लालमियां आ. समद खां, श्रीमती शहनाज बी पत्नी अनीस खां, अनीस खां पुत्र समद खां नि. हर्षवर्धन नगर भोपाल, 4. श्रीमती नीलोफर पत्नी स्व. मो. यामिन नि. 46 सईदिया स्कूल रोड इतवारा भोपाल, 5. श्री हिदायत उल्ला खां आ. किफायत उल्ला, जमील खां आ. अ. हमीद खां, मुखीन खां आ. समद खां, सफीक खां आ. हुसैन खां नि. हर्षवर्धन नगर भोपाल, 6. सर्वसाधारण एवं अन्य हितबद्ध पक्षकार

आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार तहसील कोलार जिला भोपाल के राजस्व प्रकरण क्रमांक (आर.एस.444/0739/ 1068/ 2024) / 2024 में आवेदक श्रीमती पुष्पा बंसल पत्नी श्री / अ-3/24-25 में आदेश दिनांक ..../. व्ही.पी.बंसल नि. भोपाल द्वारा ग्राम बैरागढ चीचली तहसील कोलार स्थित भूमि खसरा नम्बर 300/4/2 रकबा 0.0500 हेक्टेयर भूमि का नक्शा बटान किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक के आवेदन के संदर्भ में प्रश्नाधीन भूमि का स्थल सर्वे दिनांक 09/08/2024 समय प्रातः 11.00 बजे किया जाना नियत किया गया है। आवेदित भूमि के पड़ोसी खातेदार, भूमिस्वामी होने के कारण आपको इस सूचना पत्र के माध्यम से नक्शा बटान हेतु स्थल सर्वे की कार्यवाही किए जाने के समय स्थल पर उपस्थित होने हेतु सूचित किया जाता है कि नियत दिनांक एवं समय पर आप स्वयं अथवा आपके प्रतिनिधि अभिभाषक स्थल पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में उपरोक्त कार्यवाही स्थगित नहीं की जावेगी, एवं किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में उपरोक्त नक्शा बटान हेतु स्थल सर्वे की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पड़ोसी भूमिस्वामी का पता स्पष्ट न होने की स्थिति में आवेदक द्वारा स्वयं के व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराया जा सकता है ।

राजस्व निरीक्षक तहसील कोलार, भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल सं.क्र. 1 जी.टी.बी. काम्प्लेक्स न्यू मार्केट भोपाल (म.प्र.)

आम सूचना

विश्वकर्मा नगर बैरसिया रोड भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. 247 मंडल द्वारा श्री शब्बीर खान आत्मज श्री शहजाद खान के नाम से आवंटित है, उनके द्वारा आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त सम्पत्ति श्रीमती रुकाया तरन्नुम पत्नी श्री अब्दुल रिहान खान के नाम हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/ संस्था को इसमें कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी,
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल संभाग क्रमांक. 1 भोपाल

1425

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी. 231 मण्डल द्वारा श्री एस.के. भांड आत्मज स्व. श्री कृष्णराव भांड के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 10.1.1996 को पंजीकृत किया गया है। श्री एस.के. भांड का स्वर्गवास दिनांक 8.1.2015 को हो गया है। श्री एस.के. भांड द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त सम्पत्ति की छत की व्यवस्था पत्र के माध्यम से श्री राजेन्द्र भांड के पक्ष में दिनांक 6.7.1999 को पंजीकृत किया गया है। आवेदक आवंटी की (1) श्री राजेन्द्र भांड आत्मज स्व. श्री एस.के. भांड (2) श्री संजय सिद्धनाथ भांड आत्मज स्व. एस.के. भांड द्वारा मृत्यु प्रमाम पत्र, अन्य वारिसों के अनापत्ति शपथ पत्र एवं मण्डल का निर्धारित आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हतने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी,
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-1, भोपाल

1426

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड ई-7 अरेरा कालोनी भोपाल (म.प्र.) में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी. 349 मण्डल द्वारा श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी श्री राजेश कुमार शर्मा के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 5.7.1996 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 3